तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर अपील संख्या– 15/2018 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट **GCMS No. 2018/00018** **अनवानः** कुननराम पुत्र रावताराम जाति कुम्हार साकिन गांव बान्डा तहसील अनूपगढ़ जिला श्रीगंगानगर। **बनाम** 1. विद्या देवी पुत्री दलीपूराम साकिन निचला भलवाल पोस्ट ऑफिस डाडा सिबा तहसील देहरा जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश। 2. सुमित्रा देवी पुत्री दलीपूराम साकिन निचला भलवाल पोस्ट ऑफिस डाडा सिबा तहसील देहरा जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश। 3. राजस्थान सरकार।	
01.06.2022	आज यह पत्रावली अपीलांट कुननराम जरिये अभिभाषक श्री विजय कुमार पारीक द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलांट एवं रेस्पोडेन्ट्स के मध्य उक्त विवाद का आपसी सहमति से राजीनामा हो गया है। अब वादगत भूमि बाबत कोई विवाद शेष नहीं रहा है। अतः अपीलांट अपनी अपील विड्रा करना चाहता है। हमने अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। यह अपील अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ़ के निर्णय दिनांक 21.12.2017 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार अपीलांट कुननराम जरिये अधिवक्ता इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रा करना चाहते है। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश की प्रमाणित प्रति अतिरिक्त जिला कलक्टर सूरतगढ़ को प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। संभागीय आयुक्त बीकानेर	